भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2321
07 अगस्त, 2026 को उत्तर देने के लिए

प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात

2321. श्री देरेक ओब्राईनः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी हुई है;

(ख) यदि हाँ, तो पिछले पाँच वित्तीय वर्षों के दौरान निर्यात के आँकड़ों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) प्रसंस्कृत खाद्य श्रेणी में मुख्य निर्यात कौन से हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
(श्री चिराग पासवान)

(क): जी हाँ, पिछले पाँच वित्तीय वर्षों (2021-22 से 2025-26) के दौरान, भारत के प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों (एचएसएन अध्याय 16-23) का निर्यात वर्ष 2021-22 में 10.41 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 10.47 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

(ख) और (ग): पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के वर्ष-वार निर्यात, और भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का विवरण, ***अनुबंध-I*** में दिया गया है। प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात का राज्य-वार विवरण उपलब्ध नहीं है।

*****

अनुबंध I

दिनांक 07 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए " प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात" के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2321 भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

विश्व को भारत द्वारा प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का वर्ष-वार और श्रेणी वार निर्यात:

मूल्य मिलियन अमरीकी डॉलर में

एच एस कोड	वस्तु	2021-22	2022-23	2023-24	2024 - 25	2025 - 26
16	मांस, मछली या क्रस्टेशियन, मोलस्क या अन्य जलीय अकशेरुकी जीवों से बनी चीज़ें	771.26	794.25	725.86	789.99	808.80
17	चीनी और चीनी से बनी मिठाइयां।	5,089.33	6,323.14	3,291.66	2,501.44	2,464.88
18	कोको और कोको से बनी चीज़ें।	153.68	154.54	183.70	295.55	317.93
19	अनाज, आटा, स्टार्च या दूध से बनी चीज़ें; पेस्ट्रीकुक उत्पाद	633.15	734.32	821.03	913.18	988.03
20	सब्ज़ियों, फलों, नट्स या पौधों के दूसरे हिस्सों से बनी चीज़ें।	751.82	934.31	1,155.64	1,223.17	1,244.97
21	विविध खाद्य सामग्रियां।	1,109.48	1,260.38	1,469.42	1,713.93	1,960.52
22	पेय पदार्थ, स्पिरिट और सिरका।	320.87	374.69	451.66	452.59	453.35
23	खाद्य उद्योग का अवशेष और अपशिष्ट; जानवरों का तैयार चारा।	1,583.25	2,502.74	2,782.86	2,215.00	2,240.87
	प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात का कुल योग	**10412.84**	**13078.37**	**10881.83**	**10104.85**	**10479.35**

स्रोत: डीजीसीआईएस